2018

नीति संबंधी संबोधन

Policy Address

जातीय अल्पसंख्यकों के लिए समर्थन को शक्तिशाली बनाना

# Strengthening Support

## for Ethnic Minorities

**हांगकांग** एक विश्ववादी शहर है जहाँ सांस्कृतिक रूप से वैविध्यपूर्ण समूह हमारे समुदाय का एक अविभाज्य हिस्सा है। सरकार सभी के लिए समान और परवाह करने वाला समाज बनाने पर बहुत ज़ोर देती है।


जातीय अल्पसंख्यक (EM) सक्रिय रूप से हांगकांग में योगदान दे रहे हैं। तथापि सांस्कृतिक अंतर और भाषा संबंधी अवरोधों के कारण, उन्हें शिक्षा, रोज़गार और सामाजिक एकीकरण सहित विभिन्न क्षेत्रों में मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है।

## जातीय अल्पसंख्यकों के लिए बढ़े हुए सहायता के उपाय

हमारे EM समुदायों की उत्तरोत्तर वैविध्यपूर्ण आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने जातीय अल्पसंख्यकों के मामलों के लिए एक संचालन समिति स्थापित की है, जिसके प्रमुख हैं प्रमुख प्रशासन सचिव, जिससे विभिन्न विभागों में परस्पर सहयोग बढ़े और वह 2018-19 से शुरू करके EM की सहायता के लिए $500 मिलियन का खर्च करेगी।

## जातीय अल्पसंख्यक हांगकांग के महत्वपूर्ण सदस्य हैं।

EM आबादी निरंतर बढ़ रही है और अब यह कुल आबादी का लगभग 3.8% है।




## 2014 के सहायता के उपाय

2014 से लेकर अब तक, सरकार विभिन्न क्षेत्रों में ऐसे उपाय लागू कर रही है, जिनसे सुनिश्चित किया जा सके कि EM सार्वजनिक सुविधाओं तक समान पहुँच प्राप्त कर सकें और जिनसे उनके समुदाय में एकीकरण में सहायता हो। इसमें किया गया वार्षिक खर्च $200 मिलियन से भी अधिक है।

### लागू किए गए प्रमुख उपाय

- प्राथमिक और माध्यमिक स्कूलों में "Chinese Language Curriculum Second Language Learning Framework" (चीनी भाषा का पाठ्यक्रम द्वितीय भाषा सीखने का ढाँचा) लागू करना
- सरकारी नौकरियों के लिए चीनी भाषा कौशल की आवश्यकताओं (LPR) की निरंतर समीक्षा करना
- EM नौकरी खोजने वालों के लिए श्रम विभाग सेवाओं को और शक्तिशाली बनाना
- कर्मचारी पुनःप्रशिक्षण बोर्ड (ERB) द्वारा समर्पित प्रशिक्षण पाठ्यक्रम प्रदान करना
- EM के लिए अतिरिक्त सहायता सेवा केन्द्र स्थापित करना
- सार्वजनिक अस्पतालों और क्लिनिकों में दुभाषिया और अनुवाद सेवाएँ बढ़ाना

### उपायों से परिणाम मिल रहे हैं

- चीनी भाषा पढ़ने और लिखने में प्राथमिक स्तर पर चीनी भाषा न बोलने वाले (NCS) विद्यार्थियों के सकल कार्यनिष्पादन में सुस्थिर सुधार
- EM को प्रवेश देने वाले स्कूलों की संख्या बढ़ रही है। उनमें कई स्कूल 10 या अधिक NCS विद्यार्थियों को प्रवेश देते हैं और इसलिए चीनी भाषा सीखने के लिए सहायता को बढ़ाने के लिए प्रदान किया जाने वाला अतिरिक्त आवर्ती निधियन 4 वर्षों में लगभग 30% बढ़ा है
- 53 सरकारी नौकरी ग्रेडों ने अपने चीनी LPR कम किए हैं/कम करेंगे
- 100 से अधिक EM युवा प्रशिक्षणार्थियों को रोज़गार सेवा राजदूतों के रूप में काम-पर-प्रशिक्षण पाने के लिए रखा गया है
- कुल 8 केन्द्र EM के लिए सेवाएँ प्रदान करते हैं जिससे समुदाय में उनका एकीकरण सुविधाजनक हो। केन्द्रों में 50 से अधिक फुल-टाइम EM कर्मचारी हैं जो वर्ष में 90,000 व्यक्तियों को सेवा प्रदान करते हैं

- NCS विद्यार्थियों को प्रवेश देने वाले किंडरगार्टन के लिए मूल एक ही दर की सब्सिडी के स्थान पर 8 या अधिक NCS विद्यार्थियों को प्रवेश देने वाले किंडरगार्टन को 5 स्तरीय सब्सिडी देकर बढ़ाना, जिसमें NCS के विद्यार्थियों के प्रवेश के विभिन्न स्तरों के लिए विभिन्न सब्सिडी होगी -

| | |
|---|---|
| 1 - 4 विद्यार्थी | **$50,000** प्रति वर्ष नया नकद अनुदान |
| 5 - 7 विद्यार्थी | **0.5** किंडरगार्टन शिक्षकों की दर पर नई सब्सिडी |
| 8 - 15 विद्यार्थी | **1** किंडरगार्टन शिक्षक की दर पर सब्सिडी (यानी कि वर्तमान व्यवस्था) |
| 16 - 30 विद्यार्थी | **1.5** किंडरगार्टन शिक्षकों की दर पर बढ़ी हुई सब्सिडी |
| 31 या अधिक विद्यार्थी | **2** किंडरगार्टन शिक्षकों की दर पर बढ़ी हुई सब्सिडी |



- तृतीय संस्थानों को NCS विद्यार्थियों को चीनी भाषा सीखने और सिखाने में मदद करने के लिए पेशेवर सहायता सेवाएँ उपलब्ध कराना जारी रखना

# नये उपाय शिक्षा

- विशेष शैक्षिक आवश्यकताओं वाले NCS विद्यार्थियों को प्रवेश देने वाले सार्वजनिक क्षेत्र के स्कूलों को एक 3-स्तरीय संरचना के तहत अतिरिक्त निधियन प्रदान करना –

| | |
|---|---|
| 1 - 9 विद्यार्थी | **$100,000** प्रति वर्ष का नया अनुदान |
| 10 - 25 विद्यार्थी | **$200,000** प्रति वर्ष का नया अनुदान |
| 26 या अधिक विद्यार्थी | **$300,000** प्रति वर्ष का नया अनुदान |




- NCS विद्यार्थियों को प्रवेश देने वाली माध्यमिक स्कूलों के चीनी भाषा में चीनी इतिहास सीखने में उनकी सहायता करने के लिए निधियन प्रदान करना

# नये उपाय रोज़गार में



- EM विश्वविद्यालय विद्यार्थियों के लिए सरकार में एक अल्पावधि इन्टर्नशिप कार्यक्रम प्रदान करना




- सरकारी नौकरी के ग्रेड में चीनी LPR की निरंतर समीक्षा करना
- EM को अनुशासित दलों में करियर के बारे में विचार करने के लिए प्रोत्साहन देने के लिए भर्ती प्रमोशन और संपर्क के प्रयासों को बढ़ाना



- श्रम विभाग में श्रम बल शक्ति को बढ़ाकर गैर-सरकारी संगठनों (NGO) के साथ मिलकर एक प्रायोगिक कार्यक्रम लॉन्च करना, जिसका उद्देश्य है EM रोज़गार तलाशने वालों को केस प्रबंधन अभिगम द्वारा रोज़गार सेवाएँ प्रदान करना



- EM के लिए ERB द्वारा प्रदान किए जाने वाले समर्पित भाषा और उद्योग-विशेष के लिए उपयुक्त प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों का रेंज बढ़ाना और कुछ पाठ्यक्रमों में नामांकन के लिए आवश्यकताओं का लचीलापन बढ़ाना

- NGO को सक्रिय रूप से उनके लिए आवश्यक EM से संपर्क करने के लिए निर्धारित संपर्क टीमें बनाने का काम सौंपना और उन्हें मुख्यधारा की कल्याण सेवाओं से जोड़ना
- घरेलू और यौन हिंसा के खिलाफ EM के लिए रोकथाम और सहायता सेवाएँ और शक्तिशाली बनाना





- विशेष बाल देखभाल केन्द्रों और शुरुआती शिक्षा और प्रशिक्षण केन्द्रों के लिए प्रवेश दिए गए विशेष आवश्यकता वाले बच्चों के स्कूल जाने की आयु से कम आयु के EM बच्चों की संख्य के अनुसार अतिरिक्त सब्सिडी प्रदान करना



## नये उपाय

# सामाजिक कल्याण में

- अक्षमता वाले व्यक्तियों के लिए 5 माता-पिता/रिश्तेदार संसाधन केन्द्रों में विशेषज्ञता वाली EM इकाइयाँ स्थापित करना

# नये उपाय

# सामाजिक एकीकरण में



- सभी सरकारी कार्यालयों और विभागों एवं EM को सेवा प्रदान करने वाले सभी संबंधित संस्थानों में वंशगत समानता के बारे में प्रशासनिक मार्गदर्शक रूपरेखा को बेहतर बनाना
- सरकारी नौकरी पर नये रखे गए और अग्रणी कर्मचारियों को अधिक सांस्कृतिक संवेदनशीलता/ समान अवसर प्रशिक्षण प्रदान करना



- CHEER केन्द्र में दुभाषिया और अनुवाद सेवाओं को बेहतर बनाना और वियतनामी भाषा में नई सेवाएँ शुरू करना



- EM के लिए सहायता सेवा केन्द्रों की सेवाओं को शक्तिशाली बनाना, विशेष रूप से उन सेवाओं को जो EM में नवागंतुकों और युवाओं के लिए है
- अधिक जिला आधारित गतिविधियों का आयोजन करना, ताकि EM और स्थानिक समुदायों के बीच अंतःक्रिया और आदान-प्रदान को प्रोत्साहन दिया जा सके
- EM बच्चों और युवाओं की शामिलगिरी को अनुशासित बलों और जूनियर पुलिस कॉल कार्यक्रमों द्वारा स्कूलों से संपर्क द्वारा अधिक मज़बूत बनाना

प्रशासन के लिए प्रमुख सेक्रेटरी जातीय अल्पसंख्यकों के मामलों की समिति का नये उपायों को लागू करने के संचालन में, हितधारकों को शामिल करने में और उन उपायों के प्रभावी कार्यान्वयन का निरीक्षण करने का नेतृत्व करेंगे।

इन्फर्मेशन सर्विसिस डिपार्टमेन्ट (जानकारी सेवा विभाग) द्वारा डिज़ाइन किया गया
सरकार के लौजिस्टिक्स विभाग द्वारा मुद्रित
हांगकांग विशेष प्रशासनिक प्रदेश सरकार
(रिसाइकल किए हुए कागज़ पर पर्यावरण की दृष्टि से अनुकूल स्याही से मुद्रित)